# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा / डी0आर0 / 1033
दिनांक : 27.08.2024

## विज्ञप्ति

NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तरीय B.A./B.Sc./B.Com. पाठ्यक्रमों में सत्र 2021–22 में प्रवेश लेने वाले छात्र अपनी उपाधि के निर्धारित तीन वर्ष पूर्ण कर चुके हैं। कतिपय छात्र जो अनुत्तीर्ण रहने के कारण अपनी स्नातक उपाधि पूर्ण करने से वंचित रह गये हैं, के भविष्य के दृष्टिगत माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार स्पेशल बैक परीक्षा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। स्पेशल बैक पेपर परीक्षा फार्म निम्नलिखित शर्तों के अनुसार भरवाये जायेंगे :–

1. केवल ऐसे NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों B.A./B.Sc./B.Com. छात्र जिन्होंने सत्र 2021–22 में प्रवेश लिया था तथा सत्र 2023–24 में उपाधि के तीन वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, ही परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह होंगे।
2. प्रथम से छठे सेमेस्टर तक एक या एक से अधिक सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की अनुमति होगी।
3. किसी एक सेमेस्टर में केवल एक ही मेजर विषय का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। एक ही विषय के सैद्धान्तिक अथवा प्रयोगात्मक विषय कोड में से किसी एक अथवा दोनों का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। चूँकि एक सेमेस्टर के सभी मेजर विषयों की परीक्षा एक ही तिथि एवं समय पर आयोजित करायी जायेगी इसलिए एक सेमेस्टर के एक से अधिक मेजर विषयों का परीक्षा फार्म भरना अनुमत नहीं होगा।
4. जैसा कि विदित है कि स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में एक–एक माईनर विषय उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, छात्रों को अपने दोनों वर्षों के माईनर विषयों का बैक पेपर परीक्षा फार्म भरना अनुमत होगा।

   ऐसे छात्र जिन्होंने प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में किसी भी माईनर विषय का चयन नहीं किया था, को इस पत्र के साथ संलग्न सेमेस्टरवार माईनर विषयों के बैक पेपर परीक्षा फार्म भरना अनुमत होगा।

   ध्यान रहे माईनर विषय अपनी फैकल्टी से अलग फैकल्टी का होना चाहिए।
5. छात्र एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के को–करिकुलर विषय का परीक्षा फार्म भर सकेंगे।
6. छात्र एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के कौशल विकास पाठ्यक्रम (Skill development course) का परीक्षा फार्म भर सकेंगे। समस्त कौशिल विकास पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं महाविद्यालय द्वारा आयोजित करायी जायेंगी। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में समस्त महाविद्यालयों को कौशल विकास पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं पूर्ण करा अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।
7. छात्रों ने मुख्य परीक्षा में जिन विषय कोड का चयन किया था उन्हीं विषय कोड का बैक पेपर परीक्षा फार्म भरा जाये। बैक पेपर में विषय कोड परिवर्तित करना अनुमन्य नहीं होगा।
8. विगत वर्षों में अनेकों छात्रों के गलत परीक्षा फार्म भरने तथा सत्यापित होने के कारण बहुत सारे छात्र अपनी उपाधि पूर्ण करने से वंचित रह गये हैं। इसलिए समस्त प्राचार्यों / विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि छात्रों द्वारा भरे गये परीक्षा फार्म की सम्यक् जाँच करने के उपरान्त ही परीक्षा फार्म सत्यापित करना सुनिश्चित करें।
9. विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को परीक्षा फार्म प्रेषित करते समय सम्बन्धित सेमेस्टर की सत्यापित ऑनलाईन निर्गत अंकतालिका संलग्न करना अनिवार्य होगा।

| | | |
|---|---|---|
| **ऑनलाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि** | : | **28.08.2024** |
| **ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि** | : | **06.09.2024** |
| **महाविद्यालयों / संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म सत्यापित करने की अन्तिम तिथि** | : | **07.09.2024** |
| **सत्यापित परीक्षा फार्म परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि** | : | **09.09.2024** |

परीक्षा फार्म वेब लिंक **https://www.ccsuniversity.ac.in/exam-form.php** पर उपलब्ध होंगे। किसी भी समस्या के लिए टेलिफोन नं० **0121-2997771, 0121-2997772** तथा ईमेल आई०डी० **helpdeskaimserp@gmail.com** पर सम्पर्क करें।

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक, चौ0 चरण सिंह वि0वि0 परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय / संस्थान / विभाग का होगा।
03. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
04. परीक्षा नियंत्रक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
05. वित्त अधिकारी, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
06. उप कुलसचिव (गोपनीय)।
07. प्रभारी–अति गोपनीय विभाग / कमेटी सैल / बी0एड0 सैल / व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
08. समन्वयक / प्रभारी–रिजल्ट सैल।
09. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र।
10. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेंसी मै0 आई0टी0आई0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त परीक्षा फार्म भरवाना तथा अन्य परीक्षा सम्बन्धित दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें।
11. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
12. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।

27/08

**उप कुलसचिव (परीक्षा)**

| UG Minor Subjects list (Under Nep-2020) For Ist Semester | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Faculty** | **Under Subject** | **Title/Topic of Minor** | **Code** | **Sem.** |
| 01. | Arts | History | Kuru Kingdom Through The Ages (3000 BC-2000 BC) | Q10001 | 1st |
| 02. | Arts | Philosophy | Applied Ethics | Q10003 | 1st |
| 03. | Arts | Economics | Basic Economics | Q10004 | 1st |
| 04. | Arts | Physical Education | Health Personal & Environmental | Q10005 | 1st |
| 05. | Science | Botany | Disaster Management System in India | Q10006 | 1st |
| 06. | Science | Physics | Earths Atmosphere and Climate Change | Q10007 | 1st |
| 07. | Science | Zoology | Environment and Public Health Challenges | Q10008 | 1st |
| 08. | Science | Microbiology | Public Health and Hygiene | Q10010 | 1st |
| 09. | Arts | Psychology | Promoting Personal Growth and Relationship Through Psychology | Q10030 | 1st |
| 10. | Arts | Law | Road Safety: Laws, Policies & Practices | Q10018 | 1st |
| 11. | Commerce | Commerce | Business Communication | Q10037 | 1st |
| 12. | Language | Sanskrit | Sanskrit Sahitya Mein Rashtra Chintan | Q10038 | 1st |

| UG Minor Subjects list (Under Nep-2020) For IInd Semester | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No** | **Faculty** | **Under Subject** | **Title/Topic of Minor** | **Code** | **Sem.** |
| 13. | Arts | Education | Population and Environmental Education | Q10002 | 2nd |
| 14. | Science | Statistics | Basic Statistics | Q10009 | 2nd |
| 15. | Language | Sanskrit | Bhartiya Sanskriti Evam Sanskrit | Q10011 | 2nd |
| 16. | Arts | Sociology | Concepts of Rural Sociology | Q10031 | 2nd |
| 17. | Arts | Law | Right to information and Consumer Protection Laws | Q10019 | 2nd |
| 18. | Commerce | Commerce | Business Management | Q20001 | 2nd |

| UG Minor Subjects list (Under Nep-2020) For IIIrd Semester | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No** | **Faculty** | **Under Subject** | **Title/Topic of Minor** | **Code** | **Sem.** |
| 19. | Arts | Physical Education | Yoga for All | Q10032 | 3rd |
| 20. | Arts | Psychology | Psychology of Everyday Life | Q10034 | 3rd |
| 21. | Science | Physics | Renewable Energy Sources | Q10035 | 3rd |
| 22. | Science | Zoology | Scientific Progress and Environmental Awareness in India | Q10036 | 3rd |
| 23. | Arts | Law | An Introduction to Indian Jurists | Q10020 | 3rd |
| 24. | Arts | Philosophy | Applied Yoga | Q10012 | 3rd |
| 25. | Arts | Economics | Fundamentals of Indian Economy | Q10033 | 3rd |
| 26. | Science | Microbiology | Food and Food Sources | Q10029 | 3rd |
| 27. | Commerce | Commerce | Business Regulatory Framework Or Inventory Management | Q30001 Or Q30002 | 3rd |
| 28. | Language | Sanskrit | Bhartiya Gaurav Evam Arthkavya | Q30003 | 3rd |

| UG Minor Subjects list (Under Nep-2020) For IVth Semester | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No** | **Faculty** | **Under Subject** | **Title/Topic of Minor** | **Code** | **Sem.** |
| 29. | Arts | Law | An Introduction to Constitution of India | Q10021 | 4th |
| 30. | Science | Botany | Global Environment and Challenges | Q10013 | 4th |
| 31. | Commerce | Commerce | Tourism & Travel Management | Q40001 | 4th |
| 32. | Language | Sanskrit | Pracheen Evam Avarcheen Sanskrit Sahitya | Q40002 | 4th |
| 33 | Language | Urdu | Urdu Seekhein | Q40003 | 4th |